A

Roll No.
अनुक्रमांक

| | |
|---|---|
| Time Allowed निर्धारित समय | 3 Hours |
| Max. Marks अधिकतम अंक | 150 |

# QUESTION BOOKLET 2017 प्रश्न पुस्तिका

| | |
|---|---|
| Question Booklet No. प्रश्न पुस्तिका संख्या | 309037 |
| Question Booklet Set प्रश्न पुस्तिका सेट | A |

# MATHEMATICS, CHEMISTRY AND PHYSICS

## GENERAL INSTRUCTIONS

Examinee is directed to read carefully the following instructions :

1. Examinee must write his/her Roll Number in the specified box on the top left hand corner of this page. Answers are required to be marked only on the Computerised O.M.R. Answer sheet which is being provided to the examinee.
2. Besides filling in the Roll Number, the examinee has to put his/her signature on the Answer-Sheet and also fill other required details like Name, Roll Number, Question Booklet code, etc. as indicated on the Answer OMR Sheet. If these details are not filled in by the examinee, his/her Answer Sheet will not be evaluated.
3. For each question, there are four alternative answers, out of which only one is correct. Examinee must darken the circle of correct option in the Answer Sheet by Black Ball Pen only.
4. There are 48 (44+4) pages in this Question-Booklet including 1 page for General Instructions and three blank pages for Rough Work in the last. In case an examinee receives an incomplete or defective Question Booklet, he/she should make a request to the Room Invigilator to change the same within 10 minutes of start of the exam.
5. This Question Booklet contains 150 questions from following subjects :

| | | |
|---|---|---|
| (1) Maths | Q. Nos. | 1 – 50 |
| (2) Chemistry | Q. Nos. | 51 – 100 |
| (3) Physics | Q. Nos. | 101 – 150 |

6. Each question carries 1 mark and ¼ mark will be deducted for each wrong answer.
7. Possession and use of electronic devices such as Calculator, Cellular Phone, Digital Diary, Log Table, Pager, etc., are restricted during the examination.
8. Any leaf from the Question Booklet should not be detached. After the Examination, Question-Booklet and Answer-Sheet must be handed over to the Room Invigilator.
9. During examination the examinee will not be allowed to leave the examination hall till the END of the Examination.

## सामान्य निर्देश

परीक्षार्थी को निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ने के लिये निर्देशित किया जाता है।

1. परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक इस पृष्ठ के बायें हाथ के ऊपरी कोने पर दिये गये कोष्ठकों में अंकित करें। उत्तर केवल कम्प्यूटरीकृत ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित करना है, जो परीक्षार्थी को उपलब्ध कराया जा रहा है।
2. अनुक्रमांक भरने के अलावा, परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक पर अपना हस्ताक्षर अंकित करना होगा। साथ ही अन्य आवश्यक विवरण जैसे - नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका कोड इत्यादि को भरना होगा जैसा कि ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर बताया गया है। यदि इन विवरणों को परीक्षार्थी ने नहीं भरा है तो उनके उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिये, चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है। परीक्षार्थी को केवल काले बॉल पेन से उत्तर पत्रक में सही विकल्प वाले गोल को काला करना है।
4. इस प्रश्न-पुस्तिका में 48 (44+4) पृष्ठ हैं जिसमें सामान्य निर्देशों के लिये 1 पृष्ठ और अंतिम में रफ काम के लिए तीन खाली/सादा पृष्ठ शामिल हैं। अगर किसी परीक्षार्थी को अपूर्ण या दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका मिलती है तो उसे परीक्षा शुरु होने के 10 मिनट के भीतर बदलने के लिए कमरे के वीक्षक से अनुरोध करें।
5. इस प्रश्न-पुस्तिका में निम्नलिखित विषयों से 150 प्रश्न शामिल हैं :

| | | |
|---|---|---|
| (1) गणित | प्रश्न संख्या | 1 – 50 |
| (2) रसायन विज्ञान | प्रश्न संख्या | 51 – 100 |
| (3) भौतिक विज्ञान | प्रश्न संख्या | 101 – 150 |

6. प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है और प्रत्येक गलत जवाब के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
7. परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रानिक उपकरणों जैसे कि कैलक्यूलेटर, सेल्यूलर फोन, डिजिटल डायरी, लॉग टेबल, पेजर आदि को अपने पास रखना और उपयोग प्रतिबंधित है।
8. प्रश्न पुस्तिका में कोई भी पृष्ठ अलग नहीं करें। परीक्षा के बाद प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर-पत्रक कमरे के वीक्षक को सौंप दें।
9. परीक्षा के दौरान, परीक्षार्थी को परीक्षा के अन्त तक परीक्षा हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

## MATHEMATICS

1. Inverse of a diagonal non-singular matrix is
   A) Symmetric matrix
   B) Skew-symmetric matrix
   C) Diagonal matrix
   D) Scalar matrix

2. If the matrix $\begin{bmatrix} 2 & 3 \\ 5 & -1 \end{bmatrix} = A + B$, where A is symmetric and B is skew-symmetric then B =
   A) $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$
   B) $\begin{bmatrix} 0 & -1 \\ 1 & 0 \end{bmatrix}$
   C) $\begin{bmatrix} 0 & -1 \\ -1 & 0 \end{bmatrix}$
   D) $\begin{bmatrix} -1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$

3. If A is $3 \times 4$ matrix and B is a matrix such that $A'B$ and $B'A$ are both defined, then the order of B is
   A) $4 \times 4$
   B) $3 \times 3$
   C) $3 \times 4$
   D) $4 \times 3$

## गणित

1. विकर्ण व्युत्क्रमणीय आव्यूह का प्रतिलोम
   A) सममित आव्यूह
   B) विषम सममित आव्यूह
   C) विकर्ण आव्यूह
   D) अदिश आव्यूह

2. अगर आव्यूह $\begin{bmatrix} 2 & 3 \\ 5 & -1 \end{bmatrix} = A + B$, जहाँ A सममित आव्यूह और B विषम सममित आव्यूह है, तो B =
   A) $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$
   B) $\begin{bmatrix} 0 & -1 \\ 1 & 0 \end{bmatrix}$
   C) $\begin{bmatrix} 0 & -1 \\ -1 & 0 \end{bmatrix}$
   D) $\begin{bmatrix} -1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$

3. अगर A आव्यूह $3 \times 4$ है और B आव्यूह इस तरह है जिससे $A'B$ और $B'A$ दोनों परिभाषित किए जा सकते है, तो B का क्रम _____ है।
   A) $4 \times 4$
   B) $3 \times 3$
   C) $3 \times 4$
   D) $4 \times 3$

4. The inverse of the matrix $\begin{bmatrix} 2 & 0 & 0 \\ 0 & 3 & 0 \\ 0 & 0 & 4 \end{bmatrix}$ is

A) $\begin{bmatrix} \frac{1}{2} & 0 & 0 \\ 0 & \frac{1}{3} & 0 \\ 0 & 0 & \frac{1}{4} \end{bmatrix}$

B) $\frac{1}{24}\begin{bmatrix} 2 & 0 & 0 \\ 0 & 3 & 0 \\ 0 & 0 & 4 \end{bmatrix}$

C) $\frac{1}{24}\begin{bmatrix} -2 & 0 & 0 \\ 0 & -3 & 0 \\ 0 & 0 & -4 \end{bmatrix}$

D) $\begin{bmatrix} -\frac{1}{2} & 0 & 0 \\ 0 & -\frac{1}{3} & 0 \\ 0 & 0 & -\frac{1}{3} \end{bmatrix}$

5. If $a_1, a_2, \ldots, a_n, \ldots$ are in G.P. then

$\begin{vmatrix} \log a_n & \log a_{n+1} & \log a_{n+2} \\ \log a_{n+3} & \log a_{n+4} & \log a_{n+5} \\ \log a_{n+6} & \log a_{n+7} & \log a_{n+8} \end{vmatrix}$ is

A) 0

B) 1

C) –1

D) None of these

6. The characteristic equation of a matrix A is $\lambda^3 - 5\lambda^2 - 3\lambda + 2I = 0$ then $|\text{adj } A| =$

A) 4 B) 25

C) 9 D) 30

4. आव्यूह $\begin{bmatrix} 2 & 0 & 0 \\ 0 & 3 & 0 \\ 0 & 0 & 4 \end{bmatrix}$ का प्रतिलोम ______ है।

A) $\begin{bmatrix} \frac{1}{2} & 0 & 0 \\ 0 & \frac{1}{3} & 0 \\ 0 & 0 & \frac{1}{4} \end{bmatrix}$

B) $\frac{1}{24}\begin{bmatrix} 2 & 0 & 0 \\ 0 & 3 & 0 \\ 0 & 0 & 4 \end{bmatrix}$

C) $\frac{1}{24}\begin{bmatrix} -2 & 0 & 0 \\ 0 & -3 & 0 \\ 0 & 0 & -4 \end{bmatrix}$

D) $\begin{bmatrix} -\frac{1}{2} & 0 & 0 \\ 0 & -\frac{1}{3} & 0 \\ 0 & 0 & -\frac{1}{3} \end{bmatrix}$

5. अगर $a_1, a_2, \ldots, a_n, \ldots$ ज्यामितीय वृद्धी में है,

तो $\begin{vmatrix} \log a_n & \log a_{n+1} & \log a_{n+2} \\ \log a_{n+3} & \log a_{n+4} & \log a_{n+5} \\ \log a_{n+6} & \log a_{n+7} & \log a_{n+8} \end{vmatrix}$

__________ है।

A) 0

B) 1

C) –1

D) इनमें से कोई नहीं

6. आव्यूह A का विशिष्ट समीकरण $\lambda^3 - 5\lambda^2 - 3\lambda + 2I = 0$ है, तो $|\text{adj } A| =$

A) 4 B) 25

C) 9 D) 30

7. The area of region bounded by the lines $y = mx$, $x = 1$ and $x = 2$ and the x-axis is 7.5 sq. units, then m is

A) 2

B) 3

C) 4

D) 5

8. The order and degree of

$$\left\{1+\left(\frac{dy}{dx}\right)^2\right\}^{\frac{1}{2}} = \left(\frac{d^2y}{dx^2}\right)^2 \text{ is}$$

A) 2, 2

B) 2, 4

C) 1, 2

D) 1, 4

9. Let A, B, C, D be the points with position vectors $3\hat{i} - 2\hat{j} - \hat{k}$, $2\hat{i} + 3\hat{j} - 4\hat{k}$, $-\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k}$ and $4\hat{i} + 5\hat{j} + \lambda\hat{k}$ respectively. If the points A, B, C, D lie on a plane, then the value of $\lambda$ is

A) 0

B) $\frac{37}{4}$

C) $\frac{-37}{4}$

D) 1

7. रेखा $y = mx$, $x = 1$ और $x = 2$ और x-अक्ष से प्रतिबन्धित क्षेत्र का क्षेत्रफल 7.5 वर्ग इकाई है, तो m ________ है।

A) 2

B) 3

C) 4

D) 5

8. $\left\{1+\left(\frac{dy}{dx}\right)^2\right\}^{\frac{1}{2}} = \left(\frac{d^2y}{dx^2}\right)^2$ का क्रम और डिग्री ________ है।

A) 2, 2

B) 2, 4

C) 1, 2

D) 1, 4

9. मान लीजिए A, B, C, D बिंदुओं का स्थिति सदिश क्रमशः $3\hat{i} - 2\hat{j} - \hat{k}$, $2\hat{i} + 3\hat{j} - 4\hat{k}$, $-\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k}$ और $4\hat{i} + 5\hat{j} + \lambda\hat{k}$ है। यदि बिंदु A, B, C, D समतल पर है, तो $\lambda$ का मूल्य ______ है।

A) 0

B) $\frac{37}{4}$

C) $\frac{-37}{4}$

D) 1

10. Let $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ be three vectors having magnitudes 1, 1 and 2 respectively. If $\vec{a} \times (\vec{a} \times \vec{c}) + \vec{b} = \vec{0}$, then the angle between $\vec{a}$ and $\vec{c}$ is

A) $\pi/6$

B) $5\pi/6$

C) $\pi/3$

D) Both A) and B)

11. The distance of the point A(a, b, c) from the x-axis is

A) a

B) $\sqrt{b^2 + c^2}$

C) $\sqrt{a^2 + b^2}$

D) $a^2 + b^2$

12. If $\overline{a} \perp \overline{b}$ and $(\overline{a} + \overline{b}) \perp (\overline{a} + m\overline{b})$, then m is

A) 1

B) $|\overline{a}|^2 / |\overline{b}|^2$

C) –1

D) $\dfrac{-|\overline{a}|^2}{|\overline{b}|^2}$

13. If the points (–1, 3, 2), (–4, 3, –2) and (5, *l*, m) lie on a straight line then *l* and m are

A) 3, 10

B) –3, –10

C) –3, 10

D) 3, –10

10. मान लीजिए $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ तीन सदिश है, जिनका विस्तार क्रमश: 1, 1 और 2 है। यदि $\vec{a} \times (\vec{a} \times \vec{c}) + \vec{b} = \vec{0}$ है, तो $\vec{a}$ और $\vec{c}$ के बीच का कोण ________ है।

A) $\pi/6$

B) $5\pi/6$

C) $\pi/3$

D) A) और B) दोनों

11. x-अक्ष से बिंदु A(a, b, c) की दूरी _____ है।

A) a

B) $\sqrt{b^2 + c^2}$

C) $\sqrt{a^2 + b^2}$

D) $a^2 + b^2$

12. अगर $\overline{a} \perp \overline{b}$ और $(\overline{a} + \overline{b}) \perp (\overline{a} + m\overline{b})$ है, तो m ________ है।

A) 1

B) $|\overline{a}|^2 / |\overline{b}|^2$

C) –1

D) $\dfrac{-|\overline{a}|^2}{|\overline{b}|^2}$

13. अगर बिन्दु (–1, 3, 2), (–4, 3, –2) और (5, *l*, m) सरल रेखा पर है, तो *l* और m ________ है।

A) 3, 10

B) –3, –10

C) –3, 10

D) 3, –10

14. The equation of a circle passing through the point (1, 1) and the point of intersection of the circles $x^2 + y^2 + 13x - 3y = 0$ and $2x^2 + 2y^2 + 4x - 7y - 25 = 0$ is

A) $4x^2 + 4y^2 + 30x - 13y - 25 = 0$

B) $4x^2 + 4y^2 + 30x - 13y + 25 = 0$

C) $4x^2 - 4y^2 - 30x + 13y - 25 = 0$

D) $4x^2 - 4y^2 + 30x - 13y - 25 = 0$

15. The digit in the unit place of $7^{291}$ is

A) 1

B) 2

C) 3

D) 4

16. If $a \equiv b \pmod{m}$ and x is an integer, then which of the following is incorrect ?

A) $(a + x) \equiv (b + x) \pmod{m}$

B) $(a - x) \equiv (b - x) \pmod{m}$

C) $ax \equiv bx \pmod{m}$

D) $(a + x) \equiv (b + x) \pmod{m}$

17. If a and b are positive integers such that $(a^2 - b^2)$ is a prime number, then

A) $a^2 - b^2 = (a + b)$

B) $a^2 - b^2 = a - b$

C) $a^2 + b^2 = a - b$

D) $a^2 + b^2 = a + b$

14. बिंदु (1, 1) और वृत्त $x^2 + y^2 + 13x - 3y = 0$ और $2x^2 + 2y^2 + 4x - 7y - 25 = 0$ के प्रतिच्छेदन बिंदु से गुजरने वाले वृत्त का समीकरण ________ है।

A) $4x^2 + 4y^2 + 30x - 13y - 25 = 0$

B) $4x^2 + 4y^2 + 30x - 13y + 25 = 0$

C) $4x^2 - 4y^2 - 30x + 13y - 25 = 0$

D) $4x^2 - 4y^2 + 30x - 13y - 25 = 0$

15. $7^{291}$ के एकक स्थान का अंक ________ है।

A) 1

B) 2

C) 3

D) 4

16. यदि $a \equiv b \pmod{m}$ और x एक पूर्णांक है, तो निम्नलिखित में कौन सा गलत है ?

A) $(a + x) \equiv (b + x) \pmod{m}$

B) $(a - x) \equiv (b - x) \pmod{m}$

C) $ax \equiv bx \pmod{m}$

D) $(a + x) \equiv (b + x) \pmod{m}$

17. अगर a और b धनात्मक पूर्णांक है उसी तरह $(a^2 - b^2)$ अभाज्य संख्या है, तो

A) $a^2 - b^2 = (a + b)$

B) $a^2 - b^2 = a - b$

C) $a^2 + b^2 = a - b$

D) $a^2 + b^2 = a + b$

18. Which of the following is false ?

A) (N, +) is a semi-group

B) (Z, +) is a group

C) (N, ·) is a group

D) Set of all cube roots of unity is an abelian finite group under multiplication

19. If $f = \begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 3 & 2 & 4 & 5 & 1 & 6 \end{pmatrix} \in S_6$

then $f^{-1}$ is

A) $\begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 2 & 4 & 6 & 7 & 5 & 1 \end{pmatrix}$

B) $\begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 5 & 2 & 1 & 3 & 4 & 6 \end{pmatrix}$

C) $\begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 4 & 2 & 5 & 1 & 3 & 6 \end{pmatrix}$

D) $\begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 6 & 3 & 1 & 5 & 2 & 4 \end{pmatrix}$

20. In a group G, the equations ax = b and ya = b have

A) No solutions in G

B) Infinite solutions in G

C) Unique solution in G

D) Depends on a and b

18. निम्नलिखित में कौन सा असत्य है ?

A) (N, +) एक अर्ध समूह है

B) (Z, +) एक समूह है

C) (N, ·) एक समूह है

D) गुणन के तहत एकत्व के सभी घन मूलों का समुच्चय अबेलियन सीमित समूह है

19. अगर $f = \begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 3 & 2 & 4 & 5 & 1 & 6 \end{pmatrix} \in S_6$

तो $f^{-1}$ ______ है।

A) $\begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 2 & 4 & 6 & 7 & 5 & 1 \end{pmatrix}$

B) $\begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 5 & 2 & 1 & 3 & 4 & 6 \end{pmatrix}$

C) $\begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 4 & 2 & 5 & 1 & 3 & 6 \end{pmatrix}$

D) $\begin{pmatrix} 1 & 2 & 3 & 4 & 5 & 6 \\ 6 & 3 & 1 & 5 & 2 & 4 \end{pmatrix}$

20. समूह G में समीकरण ax = b और ya = b को ______ है।

A) G में कोई समाधान नहीं

B) G में अनंत समाधान

C) G में एक मात्र समाधान

D) a और b पर निर्भर करता है

21. If $x + y = \tan^{-1} y$ and $y'' = f(y) y'$ then $f(y) =$

A) $\frac{1}{y}$  B) $\frac{2}{y}$

C) $\frac{2}{y^3}$  D) $\frac{-2}{y^3}$

22. If $f(x) = \begin{cases} xe^{-\left(\frac{1}{|x|}+\frac{1}{x}\right)}; & \text{if } x \neq 0 \\ 0 \quad ; & \text{if } x = 0 \end{cases}$ then

which of the following is correct ?

A) f(x) is continuous and $f'(0)$ does not exist

B) f(x) is not continuous

C) f(x) is continuous and $f'(0)$ also exists

D) None of these

23. If $y = \sin^{-1}\frac{1}{2}\left(\sqrt{1+x} + \sqrt{1-x}\right)$ then

$y' =$

A) $\frac{1}{2\sqrt{1-x^2}}$

B) $\frac{-1}{2\sqrt{1-x^2}}$

C) $\frac{1}{2\sqrt{1+x^2}}$

D) $\frac{-1}{2\sqrt{1+x^2}}$

21. अगर $x + y = \tan^{-1} y$ और $y'' = f(y) y'$ है, तो $f(y) =$

A) $\frac{1}{y}$  B) $\frac{2}{y}$

C) $\frac{2}{y^3}$  D) $\frac{-2}{y^3}$

22. अगर $f(x) = \begin{cases} xe^{-\left(\frac{1}{|x|}+\frac{1}{x}\right)}; & \text{यदि } x \neq 0 \\ 0 \quad ; & \text{यदि } x = 0 \end{cases}$ तो

निम्नलिखित में कौन सा सही है ?

A) f(x) निरन्तर है और $f'(0)$ अस्तित्व में नहीं है

B) f(x) निरन्तर नहीं है

C) f(x) निरन्तर है और $f'(0)$ भी अस्तित्व में है

D) इनमें से कोई नहीं

23. अगर $y = \sin^{-1}\frac{1}{2}\left(\sqrt{1+x} + \sqrt{1-x}\right)$ है, तो $y' =$

A) $\frac{1}{2\sqrt{1-x^2}}$

B) $\frac{-1}{2\sqrt{1-x^2}}$

C) $\frac{1}{2\sqrt{1+x^2}}$

D) $\frac{-1}{2\sqrt{1+x^2}}$

24. If $x^m y^n = (x+y)^{m+n}$ then $y' =$

A) $\frac{-y}{x}$

B) $\frac{x}{y}$

C) $\frac{-x}{y}$

D) $\frac{y}{x}$

25. If $y = x^{x^{x^{\cdot^{\cdot^{\infty}}}}}$, then $y' =$

A) $\frac{-y^2}{x(1-y\log x)}$

B) $\frac{y^2}{1-y\log x}$

C) $\frac{y^2}{x(1-y\log x)}$

D) $\frac{-y^2}{1-y\log x}$

26. If $\cos^{-1}\left(\frac{y}{b}\right) = \log\left(\frac{x}{n}\right)^x$, then $x^2y_2 + xy_1 =$

A) $n^2y$

B) $-n^2y$

C) $y^2$

D) $y$

24. अगर $x^m y^n = (x+y)^{m+n}$ है, तो $y' =$

A) $\frac{-y}{x}$

B) $\frac{x}{y}$

C) $\frac{-x}{y}$

D) $\frac{y}{x}$

25. अगर $y = x^{x^{x^{\cdot^{\cdot^{\infty}}}}}$ है, तो $y' =$

A) $\frac{-y^2}{x(1-y\log x)}$

B) $\frac{y^2}{1-y\log x}$

C) $\frac{y^2}{x(1-y\log x)}$

D) $\frac{-y^2}{1-y\log x}$

26. अगर $\cos^{-1}\left(\frac{y}{b}\right) = \log\left(\frac{x}{n}\right)^x$ है, तो $x^2y_2 + xy_1 =$

A) $n^2y$

B) $-n^2y$

C) $y^2$

D) $y$

27. The angle between the curves $x^2 + y^2 = 25$ and $x^2 + y^2 - 2x + 3y - 43 = 0$ at $(-3, 4)$ is

A) $\tan^{-1}(1)$

B) $\tan^{-1}\left(\frac{1}{68}\right)$

C) $\frac{\pi}{2}$

D) $\tan^{-1}\left(\frac{3}{4}\right)$

28. A man 6′ tall moves away from a source of light 20′ above the ground level, his rate of walking being 4 m.p.h. At what rate is the tip of his shadow moving ?

A) $\frac{12}{7}$

B) $\frac{3}{7}$

C) $\frac{40}{7}$

D) None of these

29. The maximum area of a rectangle that can be inscribed in a circle of radius 2 units is

A) 8 sq. units

B) 4 sq. units

C) $8\pi$ sq. units

D) $4\pi$ sq. units

27. $(-3, 4)$ पर वक्र $x^2 + y^2 = 25$ और $x^2 + y^2 - 2x + 3y - 43 = 0$ के बीच का कोण _______ है ।

A) $\tan^{-1}(1)$

B) $\tan^{-1}\left(\frac{1}{68}\right)$

C) $\frac{\pi}{2}$

D) $\tan^{-1}\left(\frac{3}{4}\right)$

28. 6 फूट ऊँचा एक आदमी मैदान स्तर से 20 फूट ऊपर के प्रकाश के स्त्रोत से दूर जाता है । उसके चलने का दर 4 मीटर प्रति घंटा है । उसकी परछाई की नोक किस दर से चल रही है ?

A) $\frac{12}{7}$

B) $\frac{3}{7}$

C) $\frac{40}{7}$

D) इसमें से कोई नहीं

29. 2 इकाई त्रिज्या के वृत्त में अंकित आयत का अधिकतम क्षेत्रफल _______ है ।

A) 8 वर्ग इकाईयाँ

B) 4 वर्ग इकाईयाँ

C) $8\pi$ वर्ग इकाईयाँ

D) $4\pi$ वर्ग इकाईयाँ

30. If the function f(x) defined by

$f(x) = \frac{x^{100}}{100} + \frac{x^{99}}{99} + .... + \frac{x^2}{2} + x + 1$,

then $f'(0) =$

A) $100f'(0)$

B) 1

C) 100

D) None of these

31. The value of the integral $\int e^x \{f(x) + f'(x)\} dx$ is

A) $e^x f'(x) + c$

B) $e^x f(x) + c$

C) $\frac{e^x}{f(x)} + c$

D) $\frac{e^x}{f'(x)} + c$

32. The value of the integral $\int_{-\pi}^{\pi} \frac{\cos^2 x}{1 + a^x} dx$, $a > 0$ is

A) 1

B) 0

C) $\frac{\pi}{2}$

D) $\pi$

30. अगर फलन f(x) को

$f(x) = \frac{x^{100}}{100} + \frac{x^{99}}{99} + .... + \frac{x^2}{2} + x + 1$ से परिभाषित किया जाए, तो $f'(0) =$

A) $100f'(0)$

B) 1

C) 100

D) इसमें से कोई नहीं

31. समाकलन $\int e^x \{f(x) + f'(x)\} dx$ का मूल्य ______ है।

A) $e^x f'(x) + c$

B) $e^x f(x) + c$

C) $\frac{e^x}{f(x)} + c$

D) $\frac{e^x}{f'(x)} + c$

32. समाकलन $\int_{-\pi}^{\pi} \frac{\cos^2 x}{1 + a^x} dx$, $a > 0$ का मूल्य ______ है।

A) 1

B) 0

C) $\frac{\pi}{2}$

D) $\pi$

33. The value of the integral

$\int \frac{e^x(x^2+1)}{(x+1)^2}dx =$

A) $e^x \log\left(\frac{x-1}{x+1}\right)+c$

B) $e^x \log\left(\frac{x+1}{x-1}\right)+c$

C) $e^x\left(\frac{x+1}{x-1}\right)+c$

D) $e^x\left(\frac{x-1}{x+1}\right)+c$

34. The area enclosed between the parabolas $y^2=16x$ and $x^2=16y$ is

A) $\frac{64}{3}$ sq. units

B) $\frac{256}{3}$ sq. units

C) $\frac{16}{3}$ sq. units

D) None of these

35. The solution of $y'=e^{x-y}+x^2e^{-y}$ is

A) $3(e^y-e^x)-x^3=c$

B) $e^y-e^x-x^3=c$

C) $e^y-e^x+x^3=c$

D) $3(e^y-e^x)+x^3=c$

33. समाकलन $\int \frac{e^x(x^2+1)}{(x+1)^2}dx$ का मूल्य ______ है।

A) $e^x \log\left(\frac{x-1}{x+1}\right)+c$

B) $e^x \log\left(\frac{x+1}{x-1}\right)+c$

C) $e^x\left(\frac{x+1}{x-1}\right)+c$

D) $e^x\left(\frac{x-1}{x+1}\right)+c$

34. परवलय $y^2=16x$ और $x^2=16y$ से आबद्ध के बीच का क्षेत्रफल ______ है।

A) $\frac{64}{3}$ वर्ग इकाईयाँ

B) $\frac{256}{3}$ वर्ग इकाईयाँ

C) $\frac{16}{3}$ वर्ग इकाईयाँ

D) इनमें से कोई नहीं

35. $y'=e^{x-y}+x^2e^{-y}$ का समाधान ______ है।

A) $3(e^y-e^x)-x^3=c$

B) $e^y-e^x-x^3=c$

C) $e^y-e^x+x^3=c$

D) $3(e^y-e^x)+x^3=c$

36. The value of $4\tan^{-1}\left(\frac{1}{5}\right)-\frac{\pi}{4}=$

A) $\tan^{-1}\left(\frac{1}{139}\right)$ B) $\tan^{-1}\left(\frac{1}{239}\right)$

C) $\tan^{-1}(239)$ D) $\tan^{-1}(139)$

37. If $\sin^{-1}\left(\frac{x}{5}\right)+\text{cosec}^{-1}\left(\frac{5}{4}\right)=\frac{\pi}{2}$, then the value of x

A) 3 B) 2

C) 1 D) 0

38. The general solution of $\sqrt{3}\cos x+\sin x=\sqrt{2}$, for any integer "n" is

A) $n\pi+\frac{\pi}{6}\pm\frac{\pi}{4}$

B) $n\pi-\frac{\pi}{6}\pm\frac{\pi}{4}$

C) $2n\pi-\frac{\pi}{6}\pm\frac{\pi}{4}$

D) $2n\pi+\frac{\pi}{6}\pm\frac{\pi}{4}$

39. The imaginary part of conjugate of $\left(\frac{1+i}{1-i}\right)^5$ is

A) −1

B) −i

C) 1

D) i

36. $4\tan^{-1}\left(\frac{1}{5}\right)-\frac{\pi}{4}$ का मूल्य _____ है।

A) $\tan^{-1}\left(\frac{1}{139}\right)$ B) $\tan^{-1}\left(\frac{1}{239}\right)$

C) $\tan^{-1}(239)$ D) $\tan^{-1}(139)$

37. अगर $\sin^{-1}\left(\frac{x}{5}\right)+\text{cosec}^{-1}\left(\frac{5}{4}\right)=\frac{\pi}{2}$, तो x का मूल्य ________ होगा।

A) 3 B) 2

C) 1 D) 0

38. $\sqrt{3}\cos x+\sin x=\sqrt{2}$, कोई पूर्णांक "n" के लिए सामान्य हल ________ है।

A) $n\pi+\frac{\pi}{6}\pm\frac{\pi}{4}$

B) $n\pi-\frac{\pi}{6}\pm\frac{\pi}{4}$

C) $2n\pi-\frac{\pi}{6}\pm\frac{\pi}{4}$

D) $2n\pi+\frac{\pi}{6}\pm\frac{\pi}{4}$

39. $\left(\frac{1+i}{1-i}\right)^5$ के संयुग्म का काल्पनिक हिस्सा ______ है।

A) −1

B) −i

C) 1

D) i

40. If $\omega$ is an imaginary cube root of 1, then the value of $1(2-\omega)(2-\omega^2)+2(3-\omega)(3-\omega^2)+....+(n-1)(n-\omega)(n-\omega^2)$ is

A) $\frac{n(n+1)}{2}-n$

B) $\frac{n^2(n+1)^2}{4}-n$

C) $\frac{n(n+1)}{2}+n$

D) $\frac{n^2(n+1)^2}{4}+n$

41. The equation of the tangent and normal to the ellipse $x^2+2y^2+2x-4y-14=0$ at $(2,-1)$ is

A) $3x-4y-10=0,\ 4x+3y-5=0$

B) $4x+3y-10=0,\ 3x+4y-5=0$

C) $3x-4y-5=0,\ 4x+3y-10=0$

D) $3x-4y-10=0,\ 4x-3y-5=0$

42. If the line $2x+\sqrt{6}y=2$ touches the hyperbola $x^2-2y^2=4$, then the point of contact is

A) $(-4,\sqrt{6})$  B) $(-4,-\sqrt{6})$

C) $(4,-\sqrt{6})$  D) $(4,\sqrt{6})$

43. The angle between two diagonals of a cube is

A) $\cos^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{3}}\right)$  B) $\cos^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)$

C) 30°  D) 45°

40. अगर 1 का काल्पनिक घनमूल $\omega$ है, तो $1(2-\omega)(2-\omega^2)+2(3-\omega)(3-\omega^2)+....+(n-1)(n-\omega)(n-\omega^2)$ का मूल्य ______ है।

A) $\frac{n(n+1)}{2}-n$

B) $\frac{n^2(n+1)^2}{4}-n$

C) $\frac{n(n+1)}{2}+n$

D) $\frac{n^2(n+1)^2}{4}+n$

41. दीर्घवृत्त $x^2+2y^2+2x-4y-14=0$ का $(2,-1)$ पर स्पर्श रेखा और अभिलम्ब का समीकरण ______ है।

A) $3x-4y-10=0,\ 4x+3y-5=0$

B) $4x+3y-10=0,\ 3x+4y-5=0$

C) $3x-4y-5=0,\ 4x+3y-10=0$

D) $3x-4y-10=0,\ 4x-3y-5=0$

42. अगर रेखा $2x+\sqrt{6}y=2$ अतिपरवलय $x^2-2y^2=4$ को स्पर्श करती है, तो संपर्क बिंदु ______ है।

A) $(-4,\sqrt{6})$  B) $(-4,-\sqrt{6})$

C) $(4,-\sqrt{6})$  D) $(4,\sqrt{6})$

43. घन के दो विकर्ण के बीच का कोण ______ है।

A) $\cos^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{3}}\right)$  B) $\cos^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)$

C) 30°  D) 45°

44. The equation of the plane which bisects the line joining (3, 0, 5) and (1, 2, −1) at right angles is

A) $2x + y + 2z = 7$
B) $-2x + 2y - 6z = 7$
C) $x - y + 2z = 7$
D) $x - y + 3z = 7$

45. The equation of the line passing through the point (5, 3, 2) and perpendicular to the lines $\frac{x-2}{1} = \frac{y-3}{-1} = \frac{z-4}{1}$ and $\frac{x-1}{2} = \frac{y-1}{1} = \frac{z+1}{0}$ is

A) $\frac{x-5}{-1} = \frac{y-3}{2} = \frac{z-2}{3}$
B) $\frac{x+1}{5} = \frac{y-2}{3} = \frac{z-3}{2}$
C) $\frac{x-5}{1} = \frac{y-3}{-1} = \frac{z-2}{1}$
D) $\frac{x-5}{2} = \frac{y-3}{1} = \frac{z-2}{0}$

46. The vertices of the hyperbola are at (−5, −3) and (−5, −1) and the extremities of the conjugate axis are at (−7, −2) and (−3, −2), then the equation of the hyperbola is

A) $\frac{(y-2)^2}{1} - \frac{(x-5)^2}{4} = 1$
B) $\frac{(y+2)^2}{1} - \frac{(x+5)^2}{4} = 1$
C) $\frac{(x+5)^2}{4} - \frac{(y+2)^2}{1} = 1$
D) $\frac{(x-5)^2}{4} - \frac{(y-2)^2}{1} = 1$

44. (3, 0, 5) और (1, 2, −1) को समकोण में जोड़नेवाले रेखा को द्विभाजित करनेवाले समतल का समीकरण ________ है।

A) $2x + y + 2z = 7$
B) $-2x + 2y - 6z = 7$
C) $x - y + 2z = 7$
D) $x - y + 3z = 7$

45. बिंदु (5, 3, 2) से गुजरने वाले और रेखा $\frac{x-2}{1} = \frac{y-3}{-1} = \frac{z-4}{1}$ और $\frac{x-1}{2} = \frac{y-1}{1} = \frac{z+1}{0}$ को समलम्बित रेखा का समीकरण ________ है।

A) $\frac{x-5}{-1} = \frac{y-3}{2} = \frac{z-2}{3}$
B) $\frac{x+1}{5} = \frac{y-2}{3} = \frac{z-3}{2}$
C) $\frac{x-5}{1} = \frac{y-3}{-1} = \frac{z-2}{1}$
D) $\frac{x-5}{2} = \frac{y-3}{1} = \frac{z-2}{0}$

46. अतिपरवलय के शीर्ष (−5, −3) और (−5, −1) है और संयुग्मी अक्ष के छोर (−7, −2) और (−3, −2) है, तो अतिपरवलय का समीकरण ________ है।

A) $\frac{(y-2)^2}{1} - \frac{(x-5)^2}{4} = 1$
B) $\frac{(y+2)^2}{1} - \frac{(x+5)^2}{4} = 1$
C) $\frac{(x+5)^2}{4} - \frac{(y+2)^2}{1} = 1$
D) $\frac{(x-5)^2}{4} - \frac{(y-2)^2}{1} = 1$

47. Two dices are thrown simultaneously. The probability of obtaining a total score of 5 is

A) $1/9$

B) $1/18$

C) $1/12$

D) $1/36$

48. If A and B are events with $P(A \cup B) = 3/4$, $P(A') = 2/3$ and $P(A \cap B) = 1/4$ then P(B) is

A) $1/3$ B) $2/3$

C) $3/4$ D) $1/4$

49. The probability that among 7 persons, no 2 were born on the same day of a week is

A) $2/7$ B) $7/7$

C) $7/7^7$ D) $2/7^7$

50. For the events A and B, $P(A) = 3/4$, $P(B) = 1/5$, $P(A \cap B) = 1/20$ then $P(A/B) =$ ______

A) $1/4$ B) $1/15$

C) $3/4$ D) $1/2$

47. दो पासों को एक साथ फेंका जाता है। कुल अंक 5 प्राप्त करने की प्रायिकता ______ है।

A) $1/9$

B) $1/18$

C) $1/12$

D) $1/36$

48. अगर A और B घटनाएँ है और $P(A \cup B) = 3/4$, $P(A') = 2/3$ और $P(A \cap B) = 1/4$ है, तो P(B) ______ है।

A) $1/3$ B) $2/3$

C) $3/4$ D) $1/4$

49. सात लोगों के बीच 2 लोग सप्ताह के एक ही दिन पैदा न होने की प्रायिकता ______ है।

A) $2/7$ B) $7/7$

C) $7/7^7$ D) $2/7^7$

50. A और B घटनाओं के लिए, $P(A) = 3/4$, $P(B) = 1/5$, $P(A \cap B) = 1/20$ है, तो $P(A/B) =$ ______

A) $1/4$ B) $1/15$

C) $3/4$ D) $1/2$

## CHEMISTRY

51. Acid catalysed hydration of alkenes except ethene leads to the formation of
   - A) Secondary or tertiary alcohol
   - B) Primary and secondary alcohol
   - C) Secondary alcohol
   - D) Tertiary alcohol

52. Among the following which is least acidic ?
   - A) Phenol
   - B) O-cresol
   - C) P-nitrophenol
   - D) P-chlorophenol

53. An ether is more volatile than an alcohol having same molecular formula because
   - A) Dipolar character of ether
   - B) Alcohols having resonance structure
   - C) Intermolecular hydrogen bonding in ethers
   - D) Intermolecular hydrogen bonding in alcohols

54. An organic compound $A(C_4H_9Cl)$ on reaction with Na/diethyl ether gives a hydrocarbon which on monochlorination gives only one chloro derivative then, A is
   - A) Isobutyl chloride
   - B) Secondary butyl chloride
   - C) Tertiary butyl chloride
   - D) n-butyl chloride

## रसायन विज्ञान

51. इथीन को छोड़कर अल्कीन्स के अम्ल उत्प्रेरक जलयोजन ________ की निर्मिती में होता है।
   - A) द्वितीयक या तृतीयक ऐल्कोहोल
   - B) प्राथमिक या द्वितीयक ऐल्कोहोल
   - C) द्वितीयक ऐल्कोहोल
   - D) तृतीयक ऐल्कोहोल

52. निम्नलिखित में से सबसे कम अम्लीय कौन सा है ?
   - A) फीनॉल
   - B) ओ-क्रेसोल
   - C) पि-नाइट्रो फीनॉल
   - D) पि-क्लोरोफीनॉल

53. एक ही आणविक सूत्रवाले ऐल्कोहोल से ईथर अधिक अस्थिर है क्योंकि
   - A) ईथर का द्विध्रुवीय स्वरूप
   - B) ऐल्कोहोल की अनुनाद संरचना
   - C) ईथर में अंतर आणविक हाइड्रोजन अनुबंध
   - D) ऐल्कोहोल में अंतर आणविक हाइड्रोजन अनुबंध

54. एक कार्बनिक यौगिक $A(C_4H_9Cl)$ सोडियम डायइथाइल ईथर के साथ अभिक्रिया पर हाइड्रोकार्बन देता है जो मोनोक्लोरीनेशन पर केवल एक क्लोरो व्युत्पन्न देता है तो 'A' ______ है।
   - A) आइसो ब्युटाईल क्लोराइड
   - B) द्वितीयक ब्युटाईल क्लोराइड
   - C) तृतीयक ब्युटाईल क्लोराइड
   - D) एन-ब्युटाईल क्लोराइड

55. An oxygen containing organic compound upon oxidation forms a carboxylic acid as the only organic product with its molecular mass higher by 14 units. The organic compound is

A) A ketone

B) An aldehyde

C) A primary alcohol

D) A secondary alcohol

56. Anisole can be prepared by the action of methyl iodide on sodium phenate. The reaction is called

A) Wurtz reaction

B) Williamson's reaction

C) Fittig's reaction

D) Etard's reaction

57. Consider the following reaction :

$C_2H_5OH + H_2SO_4 \rightarrow$ Product. Among the following, which one cannot be formed as a product under any conditions ?

A) Ethylene

B) Ethyl hydrogen sulphate

C) Acetylene

D) Diethyl ether

58. From amongst the following alcohols the one that would react fastest with conc. HCl and anhydrous $ZnCl_2$, is

A) 2-methyl-propan-2-ol

B) 2-Butanol

C) 1-Butanol

D) 2-methyl propanol

55. ऑक्सीकरण पर ऑक्सिजनयुक्त कार्बनिक यौगिक अपने आणविक द्रव्यमान से 14 इकाई ज्यादा का एक मात्र कार्बनिक उत्पाद के रूप में कार्बोक्सिलिक ऐसिड बनाता है। वह कार्बनिक यौगिक ___ है।

A) एक कीटोन

B) एक ऐल्डिहाइड

C) एक प्राथमिक ऐल्कोहोल

D) एक द्वितीयक ऐल्कोहोल

56. सोडियम फ़िनेट पर मेथाइल आयोडाइड की अभिक्रिया से ऐनिसोल तैयार किया जा सकता है। इस अभिक्रिया को ________ कहा जाता है ।

A) वर्ट्ज़ अभिक्रिया

B) विलियमसन् अभिक्रिया

C) फिटिग्स् अभिक्रिया

D) एटर्डस् अभिक्रिया

57. निम्नलिखित अभिक्रियाओं को ध्यान में रखिए :

$C_2H_5OH + H_2SO_4 \rightarrow$ उत्पादन। निम्नलिखित में से क्या किसी भी स्थिति में एक उत्पादन के रूप में नहीं बनाया जा सकता है ?

A) ऐथीलीन

B) ईथाइल हाइड्रोजन सल्फेट

C) एसिटिलीन

D) डायईथाइल ईथर

58. निम्न ऐल्कोहोल में से जो सबसे तेजी से सांद्र HCl और निर्जल $ZnCl_2$ से अभिक्रिया करता है। वह है

A) 2-मेथाइल-प्रोपेन-2-ऑल

B) 2-ब्यूटॅनॉल

C) 1-ब्यूटॅनॉल

D) 2-मेथाइल प्रोपेनॉल

59. Hydrolysis of aromatic amide gives

A) Acids

B) Amines

C) Alcohols

D) None of the above

60. Methyl phenyl ether can be obtained by reacting

A) Phenolate ions and methyl iodide

B) Bromobenzene with methoxide ions

C) Methanol and phenol

D) Bromobenzene and methyl iodide

61. Which of the following is correct statement ?

A) Acetophenone is an ether

B) Diastase is an enzyme

C) Cycloheptane is aromatic compound

D) All of the above

62. Which of the following is incorrect ?

A) $FeCl_3$ is used to detect phenols

B) Fehling's solution is used to detect glucose

C) Tollen's reagent used to detect unsaturation

D) $NaHSO_3$ used to detect carbonyl compound

59. ऐरोमैटिक ऐमाइड की हाइड्रोलिसिस ________ देता है।

A) ऐसिड्स्

B) ऐमाइन्स

C) ऐल्कोहोल

D) इनमें से कोई भी नहीं

60. ________ की अभिक्रिया से मेथाइल फिनाइल ईथर प्राप्त किया जा सकता है ।

A) फिनोलेट आयन्स् और मेथाइल आयोडाइड

B) मेथॉक्साइड आयनों के साथ ब्रोमोबेन्ज़ीन

C) मेथॅनॉल और फीनॉल

D) ब्रोमोबेन्ज़ीन और मेथाइल आयोडाइड

61. इनमें से कौन सा एक सही कथन है ?

A) एसेटोफिनॉन एक ईथर है

B) डायस्टेज़ एक एंज़ाइम है

C) साइक्लोहेप्टेन एक ऐरोमैटिक यौगिक है

D) ऊपर के सभी

62. निम्नलिखित में से कौन सा गलत है ?

A) $FeCl_3$ का उपयोग फीनॉल का पता लगाने के लिए किया जाता है ।

B) फेह्लिंग द्रावण का उपयोग ग्लूकोज का पता लगाने के लिए किया जाता है ।

C) टोलेंस अभिकर्मक का उपयोग अवसंतृप्तता का पता लगाने के लिए किया जाता है।

D) $NaHSO_3$ का उपयोग कार्बोनिल यौगिक का पता लगाने के लिए किया जाता है ।

63. Which one of the following is not a condensation polymer ?

A) Dacron

B) Neoprene

C) Melamine

D) Glyptal

64. Which of the following statements is false ?

A) Repeat unit of natural rubber is isoprene

B) Both starch and cellulose are made up of glucose units

C) Artificial silk is derived from cellulose

D) Nylon-6, 6 is an elastomer

65. Bakelite is formed by the reaction of

A) Phenol and formaldehyde

B) Formaldehyde and aniline

C) Adipic acid and ethylene glycol

D) Phthalic acid and ethylene glycol

66. Which of the following is fully fluorinated polymer ?

A) Neoprene

B) Teflon

C) Thiokol

D) PVC

67. Which of the following is a polyamide ?

A) Teflon

B) Nylon-6, 6

C) Terylene

D) Bakelite

63. निम्नलिखित में से कौन सा संक्षेपण बहुलक नहीं है ?

A) डेक्रॉन

B) निओप्रीन

C) मेलामाइन

D) ग्लिप्टॉल

64. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

A) प्राकृतिक रबर के आवृत्ती की इकाई आइसोप्रीन है ।

B) स्टार्च और सेलुलोस दोनों ग्लूकोज इकाइयों से बने होते हैं ।

C) कृत्रिम रेशम को सेलुलोस से व्युत्पन्न है ।

D) नायलॉन-6, 6 एक इलॅस्टोमर है ।

65. बेकेलाईट कौन सी अभिक्रिया द्वारा बनाई गई है ?

A) फीनॉल और फार्मोल्डिहाइड

B) फार्मोल्डिहाइड और अनिलिन

C) ऐडिपीक ऐसिड और इथाइलीन ग्लाइकॉल

D) फ्थैलिक ऐसिड और इथाइलीन ग्लाइकॉल

66. निम्नलिखित में से कौन सा पूरी तरह से फ्लोराइन किया गया बहुलक है ?

A) निओप्रीन

B) टेफ्लॉन

C) थियोकॉल

D) पी.वी.सी.

67. निम्नलिखित में से कौन सा एक पॉलिएमाइड है ?

A) टेफ्लॉन

B) नायलॉन-6, 6

C) टेरीलीन

D) बेकेलाइट

68. Plexiglass is a commercial name of

A) Glyptal

B) Polymethyl methacrylate

C) Polystyrene

D) Polyacrylonitrile

69. Among cellulose, poly vinyl chloride (PVC), nylon and natural rubber, the polymer in which intermolecular forces of attraction are weakest is

A) Nylon

B) PVC

C) Natural rubber

D) Cellulose

70. The monomer used to produce orlon is

A) $CH_2 = CHF$

B) $CH_2 = CCl_2$

C) $CH_2 = CHCl$

D) $CH_2 = CHCN$

71. Glass is

A) Polymeric mixture

B) Gel

C) Super cooled liquid

D) Microcrystalline solid

72. Among the following substituted silanes the one which will give rise to cross linked silicone polymer on hydrolysis is

A) $R_3SiCl$

B) $R_3SiCl_2$

C) $R_4Si$

D) $RSiCl_3$

68. प्लेक्लिग्लास का एक व्यावसयिक नाम ________ है।

A) ग्लिप्टॉल

B) पॉलिमिथाइल मिथाक्रायलेट

C) पॉलिस्टिरिन

D) पालिऐक्रिलोनाइट्राइल

69. सेलुलोस, पॉलिवाइनिल क्लोराइड (पी.वी.सी.), नायलॉन और प्राकृतिक रबर में सबसे कमजोर अंतर आणविक आकर्षण बल ______ पॉलिमर में है। वह है

A) नायलॉन

B) पी.वी.सी.

C) प्राकृतिक रबड़

D) सेलुलोस

70. ऑरलॉन का निर्माण करने के लिए ________ मोनोमर का उपयोग किया जाता है।

A) $CH_2 = CHF$

B) $CH_2 = CCl_2$

C) $CH_2 = CHCl$

D) $CH_2 = CHCN$

71. ग्लास ________ है।

A) बहुलकीय मिश्रण

B) जेल

C) अति ठंडा द्रव

D) माइक्रोक्रिस्टिलाइन ठोस

72. निम्नलिखित प्रतिस्थापित सिलेन्स में से ______ हाइड्रोलिसिस पर क्रॉस-लिंक किए गए सिलिकॉन पॉलिमर का निर्माण करता है।

A) $R_3SiCl$

B) $R_3SiCl_2$

C) $R_4Si$

D) $RSiCl_3$

73. The polydispersity index of the polymer is always

A) 1

B) < 1

C) 2

D) 1 or > 1

74. Which one of the following statement is incorrect about enzyme catalysis ?

A) Enzymes are mostly proteinous in nature

B) Enzymes are least reactive at optimum temperature

C) Enzymes are denaturated by ultraviolet rays and at high temperature

D) Enzyme action is specific

75. Which one of the following is an example for homogenous catalysis ?

A) Manufacture of sulphuric acid by Contact process

B) Manufacture of ammonia by Haber's process

C) Hydrolysis of sucrose in presence of dilute hydrochloric acid

D) Hydrogenation of oil

76. Among the electrolytes $Na_2SO_4$, $CaCl_2$, $Al_2(SO_4)_3$ and $NH_4Cl$, the most effective coagulating agent for $Sb_2S_3$ sol is

A) $Na_2SO_4$

B) $CaCl_2$

C) $Al_2(SO_4)_3$

D) $NH_4Cl$

73. बहुलक का पॉलिडिस्पर्सिटी इंडेक्स हमेशा _____ होता है ।

A) 1

B) < 1

C) 2

D) 1 या > 1

74. निम्नलिखित कथन में से कौन सा एंजाइम उत्प्रेरण के बारे में गलत है ?

A) एंजाइम अधिकतर प्रोटीनयुक्त प्रकृति के होते हैं ।

B) इष्टतम तापमान पर एंजाइम कम अभिक्रियात्मक होते हैं ।

C) एंजाइम अल्ट्रावॉयलेट किरणों और उच्च तापमान पर विकृत होते है ।

D) एंजाइम क्रिया विशिष्ट होते है ।

75. निम्न में से कौन सा समांगी उत्प्रेरण का उदाहरण है ?

A) संपर्क प्रक्रिया द्वारा सल्फ्यूरिक ऐसिड का निर्माण

B) हेबर के प्रक्रिया द्वारा अमोनिया का निर्माण

C) जलमिश्रित हाइड्रोक्लोरिक ऐसिड की उपस्थिति में सुक्रोज का हाइड्रोजनीकरण

D) तेल की हाइड्रोजनेशन

76. इलेक्ट्रोलाइट्स $Na_2SO_4$, $CaCl_2$, $Al_2(SO_4)_3$ और $NH_4Cl$ में $Sb_2S_3$ सॉल के लिए सबसे प्रभावी स्कन्दक एजेंट _______ है।

A) $Na_2SO_4$

B) $CaCl_2$

C) $Al_2(SO_4)_3$

D) $NH_4Cl$

77. Which of the following statements is incorrect regarding physiosorption ?

A) Under high pressure it results into multimolecular layer on adsorbent surface

B) More easily liquefiable gases are adsorbed readily

C) Enthalpy of adsorption ($\Delta H_{adsorption}$) is low and positive

D) It occurs because of van der Walls forces

78. Gold numbers of protective colloids A, B, C and D are 0.50, 0.01, 0.10 and 0.005 respectively. The correct order of their protective powers is

A) A < C < B < D

B) B < D < A < C

C) D < A < C < B

D) C < B < D < A

79. When a sulphur sol is evaporated, sulphur is obtained. On mixing with water, sulphur sol is not formed. The sol is

A) Reversible

B) Hydrophobic

C) Hydrophilic

D) Lyophilic

77. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा भौतिक अधिशोषण के बारे में गलत है ?

A) उच्च दबाव में अधिशोषित सतह पर बहुआणविक परत में परिणामित होता है ।

B) अधिक असानी से द्रवीभूत गैसों का अधिशोषण आसान है ।

C) अधिशोषण की इन्थैल्पि ($\Delta H_{adsorption}$) कम और धनात्मक है ।

D) यह वाण्डरवॉल्स की बलों की वजह से होता है।

78. सुरक्षात्मक कोलाइड्स A, B, C और D की सोने की संख्या क्रमशः 0.50, 0.01, 0.10 और 0.005 है। उनकी सुरक्षा शक्तियों का सही क्रम ________ है ।

A) A < C < B < D

B) B < D < A < C

C) D < A < C < B

D) C < B < D < A

79. जब एक सल्फर सॉल वाष्पित किया जाता है, तो सल्फर प्राप्त होता है । पानी के साथ मिलाने पर सल्फर सॉल नहीं बनता है। सॉल ______ है।

A) प्रतिवर्ती

B) हाइड्रोफोबिक

C) हाइड्रोफिलिक

D) लिओफिलिक

80. The hydrocarbon which can react with sodium in liquid ammonia is

A) Styrene

B) Acetylene

C) Propylene

D) Pentane

81. The compound formed as a result of oxidation of ethyl benzene by $KMnO_4$ is

A) Acetophenone

B) Benzophenone

C) Benzoic acid

D) Benzaldehyde

82. Alkyl halides react with dialkyl copper reagents to give

A) Alkanes

B) Alkenes

C) Alkynes

D) Alkyl copper halides

83. Some meta-directing substituents in aromatic substitution are given. Which one is most deactivating ?

A) $-SO_3H$

B) –CN

C) –COOH

D) $-NO_2$

84. When 2-butyne is treated with $Pd-BaSO_4$; the product formed will be

